वी.यू.– वेटरनरी महाविद्यालय में निशुल्क दन्त शिविर

पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के परिसर मै नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. एस.पी तिवारी जी की प्रेरणा से एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के मार्गदर्शन में दिनांक 15/7/2023 शनिवार को निःशुल्क दंत परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 65 छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकों, महाविद्यालय के अन्य स्टाफ ने अपने दंत स्वास्थ्य परीक्षण कराया व निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया महाविद्यालय में अपनी निःशुल्क सेवाएं डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. साकेत अग्रवाल, डॉ. अंकिता राय, डॉ. ऑलिव कपाड़िया, डॉ. प्रीति राणा ने अपनी निःशुल्क एवं बहुमूल्य सेवाएं प्रदान की इसके लिए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा ने समस्त चिकित्सकों को धन्यवाद दिया है तथा उनके सेवा भाव की सराहना की शिविर को सफल बनाने में, डॉ अमिता तिवारी, डॉ. मोहन सिंह ठाकुर, डॉ. वैशाली, डॉ .शिवांगी शर्मा, डॉ. राहुल शर्मा तथा श्री रौनक मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर